प्रयोग किये गए हैं। फलों को 5 मिनट तक 52° सी ±1° सी के गर्म पानी में डुबोकर फलों के तोड़ने के बाद के उपचार के रूप में प्रभावशाली सिद्ध हुआ है। व्यापारिक पैमाने पर केवल शीत भण्डारों में आमों के संचय के लिए इस उपचार की सिफारिश की गई है और सामान्य विपणन के लिए नहीं। अत: किसानों, आढ़तियों तथा व्यापारियों के द्वारा यह उपचार नहीं किया जा रहा है।

### दालें निकालने का तरीका

1705. श्री महाराज सिंह भारती : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में दालें निकालने का कोई ऐसा तरीका निकाला गया है जिससे कम समय में तथा कम लागत पर अनाज की उतनी ही मात्रा से 10 प्रतिशत अधिक दालें निकाली जा सकती हैं; और

(ख) यदि हां, तो उक्त तरीके के आधार पर समूचे देश में दालें तैयार करने की मिलें स्थापित करने के बारे में सरकार या कार्यवाही कर रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) और (ख). केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी संस्थान दाल दलने में सुधार करने हेतु एक प्रतिक्रिया पर कार्य कर रहा है ताकि दाल दलने के दौरान क्षति की मात्रा कम की जा सके। इस कार्य के पूरा हो जाने और उसका मूल्यांकन कर लेने के केवल बाद ही उसे बड़े पैमाने पर प्रयुक्त करने की बात उठेगी।

### Elimination of Intermediaries in Food Trade

1706. SHRI HIMATSINGKA : Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be please to state :

(a) whether middlemen are eliminated in the procuremet of foodgrains by Government agencies ;

(b) whether elimination of middlemen would involve provision of other credit advancing institutions; and

(c) if so, the steps proposed to be taken in the matter?

THE MINSTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND CO-OPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE. (a) : It is the policy of the Government to reduce the number of intermediaries and purchase foodgrains directly from the producer as far as possible. The Food Corporation of India and the agencies of the State Governments are procuring directly from the producers wherever possible and through agents where necessary. In the selection of agencies, the co-operatives are given preference wherever they are in a position to undertake this work.

(b) Adequate credit is already being provided to the procuring agencies.

(c) Does not arise.

### मध्य प्रदेश के नेहरू कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान

1709. श्री गं० च० दीक्षित : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्र द्वारा पर्याप्त अनुदान न मिलने के कारण मध्य प्रदेश से नेहरू कृषि विश्वविद्यालय को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : जी हां।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता।